जनता दर्शन मे पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती ।18 सितंबर

2024 को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 03 भूमि विवाद, 03 पारिवारिक विवाद व 13 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

गुड और बैड टच की दी गई जानकारी

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान शक्ति दीदी ने 06 से 08 वर्ष की बालिकाओं को गुड टच व बैड टच की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बाल यौन हिंसा व बाल यौन शोषण के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098, साइबर अपराध -1930 के साथ साथ यातायात नियमों आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी।